Total No. of Printed Pages—15

**X/25/Hin**

**2 0 2 5**

# HINDI

( INDIAN LANGUAGE )

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 24

*Time* : 3 hours

*General Instructions* :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question is indicated against each.

(iii) For candidates without Internal Assessment their marks will be multiplied by 1·25 to adjust their total to a maximum of 100 marks.

(iv) The Question Paper contains 4 Sections, **Section—A, B, C** and **D**.

(v) **Section—A** contains Multiple Choice Questions (MCQ). Weightage of each question is *one* (1) mark.

(vi) **Section—B** contains very short answer-type questions, weightage of *two* (2) marks each. Each question requires answer in *one* or *two* sentence(s).

(vii) **Section—C** contains short answer-type questions, weightage of *three* (3) marks each. Each question requires answer under *50* words.

(viii) **Section—D** contains long answer-type questions, weightage of *five* (5) marks each. Each question requires answer under *100* words.

## SECTION—A / खण्ड—क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **1** से **15** तक पाठ्यपुस्तक 'दीपशिखा' और 'संचयन' से हैं : 1×30=30

**1.** ''अत्याचारी से यों कब तक प्राणों की रक्षा की जा सकेगी।'' यह विचार किसके मन में आया?

(A) चरवाहे के

(B) भेड़िये के

(C) युवा बकरी के

(D) सभी बकरियों के

**2.** भेड़िये के किस स्वभाव से चरवाहा तंग था?

(A) प्यार से

(B) धूर्तता से

(C) नफ़रत से

(D) मूर्खता से

**3.** सन् 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का महत्त्वपूर्ण संसाधन लेखक किसे मानते हैं?

(A) वैज्ञानिक खोजों और उपलब्धियों को

(B) धन-संपदा को

(C) शिक्षा-तंत्र को

(D) 25 वर्ष से कम उम्र वाले भारतीय नौजवानों को

**4.** बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था?

(A) सलतान

(B) सुलतान

(C) मुलतान

(D) चेतक

**5.** किसका नाम सुनकर लोग काँपते थे?

(A) खड्गसिंह का

(B) बाबा भारती का

(C) घोड़े का

(D) इलाके का

**6.** तिरुक्कुरल में कुरलों की कुल संख्या कितनी है?

(A) 1315

(B) 1320

(C) 1325

(D) 1330

**7.** 'नीलकंठ' पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) महादेवी वर्मा

(B) जैनेंद्र कुमार

(C) टी. पद्मनाभन

(D) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

**8.** मोर के दोनों बच्चों को चिड़ीमार कहाँ से पकड़कर लाया था?

(A) रायगढ़ से

(B) रामगढ़ से

(C) पिथौरागढ़ से

(D) शंकरगढ़ से

**9.** गाछ–विरछ जड़ के द्वारा किससे रसपान करते हैं?

(A) वायु

(B) पानी

(C) माटी

(D) धूप

**10.** ''यह माटी _____ जनती है।''

नीचे दिए गए विकल्पों की मदद से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(A) राम-कृष्ण

(B) महावीर-बुद्ध

(C) अशोक-अकबर

(D) गाँधी-सुभाष

**11.** हरिहर काका कितने भाई थे?

(A) तीन

(B) चार

(C) आठ

(D) दस

**12.** हरिहर काका के परिवार के पास कुल कितने बीघे खेत थे?

(A) नब्बे

(B) अस्सी

(C) पचास

(D) साठ

**13.** टोपी के मित्र का क्या नाम था?

(A) रज़ाक

(B) साहिल

(C) सिराज

(D) इफ़्फ़न

**14.** 'सपनों के से दिन' शीर्षक आत्मकथा का लेखक कौन है?

(A) मिथिलेश्वर

(B) राही मासूम रज़ा

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(D) गुरुदयाल सिंह

**15.** नए कलेक्टर के कितने लड़के थे?

(A) तीन

(B) चार

(C) एक

(D) पाँच

प्रश्न संख्या **16** से **30** तक व्याकरण से हैं :

**16.** 'मनोरथ' शब्द का संधि-विच्छेद निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) मनो + रथ

(B) मनः + रथ

(C) मन + रथी

(D) मना + रथ

**17.** 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) पीयूष, अमिय

(B) वाञ्छा, अभीप्सा

(C) रश्मि, मयूख

(D) अनल, पावक

**18.** आय-व्यय किस समास का उदाहरण है?

(A) बहुव्रीहि समास

(B) द्वन्द्व समास

(C) कर्मधारय समास

(D) द्विगु समास

**19.** मुख है जो सरोज के समान (शब्दों के समस्त-पद बताकर समास का नाम बताइए)

(A) सरोजमुख : द्वन्द्व समास

(B) मुखसरोज : कर्मधारय समास

(C) मुख और सरोज : तत्पुरुष समास

(D) सरोज और मुख : अव्ययीभाव समास

**20.** 'सुग्रीव' समस्त शब्द का विग्रह निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) सुशील है ग्रीवा जिसकी

(B) ग्रीवा जिसकी सीधी है

(C) सुन्दर है ग्रीवा जिसकी

(D) सीधी-साधी ग्रीवा

**21.** अच्छे-बुरे की पहचान करने वाला (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द बताइए)

(A) अपरिचित

(B) विवेकी

(C) अनुपम

(D) अविवेकी

**22.** जिस पर विश्वास किया जा सकता है (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द बताइए)

(A) अविश्वसनीय

(B) विश्वसनीय

(C) विचारणीय

(D) दर्शनीय

**23.** साहित्य से सम्बन्धित (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द बताइए)

(A) सामाजिक

(B) सांस्कृतिक

(C) ऐतिहासिक

(D) साहित्यिक

**24.** अच्छे आचरण वाला व्यक्ति (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द बताइए)

(A) सदाचारी

(B) दुराचारी

(C) पापाचारी

(D) व्यभिचारी

**25.** साँच को आँच नहीं (लोकोक्ति का अर्थ बताइए)

(A) सच्चा व्यक्ति निडर रहता है

(B) बेखबर रहने वाला व्यक्ति

(C) दूसरे के बारे में सोचने वाला व्यक्ति

(D) अच्छा व्यक्ति

**26.** 'घी' शब्द का तत्सम रूप क्या है?

(A) मक्खन

(B) अमूल्य

(C) घ्रत

(D) घृत

**27.** 'हाथ' शब्द का तत्सम रूप क्या है?

(A) पाणि

(B) कर

(C) हस्त

(D) भुजा

**28.** किस समस्त-पद में द्वन्द्व समास नहीं है?

(A) वनवास

(B) भीमार्जुन

(C) रोटी-कपड़ा

(D) आय-व्यय

**29.** किस समस्त-पद में बहुव्रीहि समास नहीं है?

(A) दशानन

(B) पंचानन

(C) सप्तर्षि

(D) पीताम्बर

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा समस्त-पद कर्मधारय समास है?

(A) सुग्रीव

(B) सपरिवार

(C) सादर

(D) सप्ताह

## SECTION—B / खण्ड—ख

### ( अति लघूत्तरीय प्रश्न : व्याकरण खण्ड )

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या **31** से **34** तक पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसलों की कटाई और खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में, सभी अपनी विशेषताओं और क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहाँ जन-मानस में उल्लास, उमंग और खुशहाली भर देते हैं, वहाँ हमारे अन्दर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व-बन्धुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक ही है, केवल उस लक्ष्य के तरीके अलग-अलग हैं।

**31.** त्योहारों की राष्ट्रीय जीवन में क्या उपयोगिता है? 2

**32.** त्योहारों के माध्यम से हमें क्या शिक्षा मिलती है? 2

**33.** त्योहारों के द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें किस बात की याद दिलाते हैं? 2

**34.** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 2

**35.** पदबन्ध किसे कहते हैं? 2

**36.** क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? 2

## SECTION—C / खण्ड—ग

### ( लघूत्तरीय प्रश्न )

निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए *3* अंक निर्धारित हैं (उत्तर लगभग *50* शब्दों में होने चाहिए) : 3×6=18

**37.** मरने के वक्त युवा बकरी को किस बात का अफसोस था?

*अथवा*

लेखक के अनुसार कोई राष्ट्र महान कैसे बनता है?

**38.** तिरुवल्लुवर अपने भोजन की थाली के पास कटोरी में जल और सूई क्यों रखवाते थे?

*अथवा*

कुब्जा अपने नाम के अनुरूप किस प्रकार सिद्ध हुई?

**39.** अपनी मातृभूमि के लिए कवि क्या कुछ करना चाहता है?

*अथवा*

विश्व-नागरिक बनने में बाधक तत्त्व कौन-सा है?

**40.** माँ यशोदा क्या कहकर कृष्ण को आश्वस्त करती हैं?

*अथवा*

कवि के अनुसार भाग्य की चर्चा कैसे लोग अधिक किया करते हैं?

**41.** कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं?

*अथवा*

हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे?

**42.** पीटी साहब की 'शाबाश' फौज के तमगों-सी क्यों लगती थी? स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

## SECTION—D / खण्ड—घ
## ( दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न )

निम्नलिखित दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए *5* अंक निर्धारित हैं (उत्तर लगभग *100* शब्दों में होने चाहिए) : 5×4=20

**43.** 'हार की जीत' कहानी का सारांश लिखिए।

*अथवा*

तिरुवल्लुवर की जीवनी सहित उनकी चारित्रिक विशेषता पर प्रकाश डालिए।

**44.** 'इस माटी को नमन करें हम' कविता का सारांश लिखिए।

*अथवा*

'विश्व-नागरिक बनें' कविता का सारांश लिखिए।

**45.** राही मासूम रज़ा जी की जीवनी एवं उनकी साहित्यिक कृतियों के बारे में लिखिए।

*अथवा*

'हरिहर काका' कहानी का सारांश लिखिए।

**46.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए :

(क) भाग्य और पुरुषार्थ

(ख) पर्यावरण-प्रदूषण-समस्या

(ग) दहेज-समस्या

(घ) दूरदर्शन का समाज पर प्रभाव

★ ★ ★